आम सूचना। समस्त अभिभावकों हेतु

समस्त अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि कक्षा 5 एवं कक्षा 8 की बोर्ड परीक्षा के आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 है। सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि वे 29 अक्टूबर 2026 को दोपहर 2:00 बजे तक संस्था कार्यालय (846-B, आचार्य कृपलानी मार्ग, आदर्श नगर, जयपुर) में उपस्थित होकर बोर्ड परीक्षा का फॉर्म भरवाने से संबंधित सभी आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करें। विद्यार्थी की जानकारी का सत्यापन करने हेतु ट्यूशन फीस जमा करवाने की रसीदें एवं विद्यार्थी का आधार कार्ड साथ लेकर आना अनिवार्य है। इस संबंध में अभिभावकों को व्हाट्सऐप के माध्यम से पहले भी कई बार संदेश एवं रिमाइंडर भेजे जा चुके हैं। इसके बावजूद यदि कोई अभिभावक निर्धारित समय-सीमा तक संस्था कार्यालय में उपस्थित होकर आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी नहीं करता है, तो बोर्ड परीक्षा का आवेदन पत्र समय पर जमा नहीं हो पाने की स्थिति में संस्था एवं विद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

सचिव
इमरान खान, अमीरिया शिक्षण संस्थान, अमीरिया स्कूल, खो नागोरियान, जयपुर

खोया पाया

मेरे (सन्तोष मित्तल) मकान 119/591 मानसरोवर, जयपुर का अदेय प्रमाण पत्र (No Dues Certificate) कहीं खो गया है कृपया मिलने पर सूचित करें- 9214074807

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल सादिक अली पुत्र श्री अमजद अली निवासी-प्लाट नम्बर 1, पोल्ट्री फार्म, जामडोली, आगरा रोड, जयपुर का पुत्र आसिफ अली आयु 43 वर्ष उनके कहे में नही है और वह कुछ गलत लोगों की संगत में रहकर अपनी मर्जी मुताबिक जिन्दगी जी रहा है, आसिफ अली आए दिन मेरे मुवक्किल व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बदसलूकी व झगड़ा करता हैं जिस कारण मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र आसिफ अली को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से एवं अपने परिवार से बेदखल कर दिया है जो कोई व्यक्ति आसिफ अली से किसी भी तरह का सनव्यवहार, लेन देन करेगा व रिश्ता रखेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा कृपया सूचित रहे।

(जफर अहमद) एडवोकेट मो.- 8955245645

आम-सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या मीना देवी पत्नी स्व. कैलाश चन्द निवासी. प्लॉट नं 301सी पहाड़ के नीचे, गुर्जरो का मोहल्ला, शास्त्री नगर जयपुर की पुत्री मोना पत्नी श्री रत्न लाल पुत्री स्व कैलाश चन्द नीवासी सेक्टर 6 जवाहर नगर जयपुर मो.न. 8696937367 मेरी अभिभाष्या के कहे में नहीं है मेरी अभिभाष्या को परेशान करती है जिस कारण से मेरी अभिभाष्या ने परेशान होकर अपनी पुत्री मोना पत्नी श्री रत्न लाल पुत्री स्व कैलाश चन्द को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति उक्त महीला से किसी प्रकार का कोई लेन देन आदि करता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी अभिभाष्या की नही होगी। सूचित रहें।

जयपुर **अशोक कुमार सैनी, एडवोकेट**
दिनांक-26.10.2026 **मो.नं. 9829459756**

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-12, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक: 90A/JDA/2025-26/100003 लोक सूचना दिनांक: 26.10.2026

श्री SUNIL KATARIA पुत्र श्री RAM GOPAL SAINI जाति MALI निवासी 23 GULAP VIHAR-B GANDHI PATH 200 FEET BY PASS HEERAPURA JAIPUR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का पर्यटन इकाई प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्धारण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (हैक्ट.)	स्वत्व क्षेत्रफल (हैक्ट.)
जयसिंहपुरा काकवाड़ा, कालवाड़ (जयपुर)	(1.) सुनील कटारिया पुत्र रामगोपाल सैनी हिस्सा पूर्ण जाति माली नि. टी 253 ब्लाक 14 रंगोली गार्डन्स महाराणा प्रताप मार्ग कनकपुरा जयपुर खातेदार 1.) सुनील कटारिया पुत्र रामगोपाल सैनी हिस्सा पूर्ण जाति माली नि. टी 253 ब्लाक 14 रंगोली गार्डन्स महाराणा प्रताप मार्ग कनकपुरा जयपुर खातेदार	7/2	0.4553	0.4553
			कुल	0.4553

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि [illegible] भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान [illegible] अधिनियम, 1955 की धारा 63 के [illegible] JDA के 90-A मॉड्यूल अथवा जे.डी.ए. पोर्टल (https://jda.rajasthan.gov.in/) पर "विज्ञप्ति के विरुद्ध आपत्ति दर्ज करें" Option [illegible] 26-10-2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन-12

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमो के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रो में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है- **ई-निविदा सूचना सं :** 172 of 2026-27 **कार्य का नाम व स्थान :** Bhagat ki kothi:-Replacement of existing Non-standard 52Kg diamond crossing with 60Kg diamond crossing in BGKT yard in Jodhpur Division. **अनुमानित लागत रूपये :** 13734579.16 **बयाने की राशि रूपये :** 274700.00 निविदा सूचना संख्या 172 of 2026-27 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 12.11.2026, को 15.00 बजे तक है। वेबसाईट. का विवरण जहाँ पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है **www.ireps.gov-in** **1537-DI/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम अब्दुल लतीफ से बदलकर अब्दुल लतीफ खान रख लिया। भविष्य मे मुझे अब्दुल लतीफ खान के नाम से जाना जावे। पुराना पता:- म.नं.4903, पुरानी कोतवाली, चोकड़ी घाटगेट, हाल निवासी म.नं. 1543, एफ.डी-60, महात्मा गांधी कॉलोनी, नाहरी का नाका, शास्त्रीनगर, जयपुर

मैं, शकील अहमद पुत्र हबीब अहमद, निवासी 227/A, दरगाह कॉलोनी, चार दरवाजा बाहर, जयपुर, घोषित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में शकील अहमद तथा अन्य दस्तावेजों में सय्यद शकील अहमद (Syed Shakeel Ahmed) अंकित है। दोनों नाम मेरे ही है। भविष्य में Syed Shakeel Ahmed नाम से जाना जाए।

मैं शपथ बयान करती हूँ कि मेरी बेटी खुशी कंवर पुत्री भूपेन्द्र सिंह का 8वीं कक्षा की मार्कशीट में माता के नाम के स्थान पर गलतीवश दादी का नाम (लाली कंवर) दर्ज हो गया था। जबकी माता का नाम राधा कंवर है। भविष्य में मेरी बेटी की माता का नाम राधा कंवर ही पहचाना जाए, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की है। राधा कंवर पत्नी भूपेन्द्र कंवर, निवासी अणतपुरा, निवाई, टोंक

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल शशी के. के. पुत्र श्री कुंजु रमन, निवासी प्लाट नं. 83 वेस्ट, पवनपुरी, बनाड़ रोड, झोटवाड़ा, जयपुर-302012 (राज.) स्वयं की धर्मपत्नी श्रीमती राधामणी वी वी पत्नि श्री शशि के. के. के नाम से आवासीय प्लाट नं. 83 (मूल प्लाट नं. 83 का पश्चिमी हिस्सा), योजना पवनपुरी, बैनाड़ रोड, झोटवाड़ा, जयपुर (राज.) मे स्थित है जिसकी भूमि का कुल क्षेत्रफल 83.33 वर्गगज है जिसे मेरे मुवक्किल की धर्मपत्नी श्रीमती राधामणी वी वी ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) मे बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया हुआ था जिसका ऋण संख्या 661619563 एवं 688151105 है, उक्त श्रीमती राधामणी वी वी पत्नि श्री शशि के. के. का स्वर्गवास 02.07.2026 को हो चुका है, श्रीमती राधामणी वी वी पत्नि श्री शशि के.के. के हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकारी एवं वारिसान मे शशी के. के. पुत्र श्री कुंजु रमन, शरद पुत्र श्री शशि के. के. एवं शरण्या शशी, पुत्री श्री शशि के. के. है, इनके अलावा स्वर्गीय श्रीमती राधामणी वी वी पत्नि श्री शशि के.के. का कोई विधिक उत्तराधिकारी अथवा वारिसान नही है, चूकि मेरे मुवक्किल की धर्मपत्नी श्रीमती राधामणी वी वी के द्वारा लिए गए समस्त ऋण की अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) को की जा चुकी है इसलिए मेरे मुवक्किल स्वयं की धर्मपत्नी श्रीमती राधामणी वी वी के स्वामित्व की उक्त अचल सम्पत्ति के समस्त मूल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) सी-25, भगवान दास रोड, सेन्ट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001 (राज.) से प्राप्त करना चाहते है, इस सम्बन्ध मे किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि मे अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अवधि समाप्ति के पश्चात् आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरी मुवक्किल के विरूद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी।

(श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट 6/48, मालवीय नगर, जयपुर, मोबाईल 9829218044

नम्बर मिलाइए
8890333139
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

गृहमंत्री बेढ़म ने बजरंगपुरा में चुनावी कार्यालयों का उद्घाटन किया

सभा में राज्यसभा सांसद अलका गुर्जर, विधायक धनकड़ मौजूद रहे

पावटा। जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में राजस्थान सरकार के कैबिनेट गृहमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने बजरंगपुरा में जिला परिषद वार्ड न.15 भाजपा प्रत्याशी रोहिताश सिंधू व पंचायत समिति सदस्यों के समर्थन में आयोजित आमसभा को संबोधित किया।

विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ के नेतृत्व में आयोजित सभा में राज्यसभा सांसद अलका गुर्जर, राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा अशोक सैनी, जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, सुरेंद्र चौधरी, रमेश रावत, शाहपुरा नगर परिषद सभापति रविश खटाना, हीरालाल रावत, गौरव सिंह, गोपाल अग्रवाल, भागीरथ यादव, यादराम जांघल , मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, विकास सिंह, सोहनदास महाराज, राजा राव, अशोक वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, पार्षदों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

जिला परिषद वार्ड नं. 15 के भाजप
पंचायत समिति प्रत्याशीयों के
कान्हा

जवाहर सिंह बेढ़म ने बजरंगपुरा में जिला परिषद वार्ड न.15 भाजपा प्रत्याशी रोहिताश सिंधू व पंचायत समिति सदस्यों के समर्थन में आयोजित आमसभा को संबोधित किया।

सभा के माध्यम से जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसंपर्क का संदेश दिया गया। गृहमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया।

सभा में चुनाव को लेकर संगठन की भूमिका, क्षेत्रीय विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

विधायक कुलदीप धनकड़ के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने चुनावी अभियान को गति देने के लिए अपनी सक्रियता दिखाई। वही बजरंगपुरा, जयसिंहपुरा, सोठाना में प्रधान कार्यालयों का उद्घाटन किया। इस दौरान गृहमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनकल्याण, सुशासन और सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है।

- **उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने और विकास के मुद्दों को प्राथमिकता देने का आव्हान किया**

ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को और तेज करने तथा जन-जन की आकांक्षाओं को साकार करने में पंचायत राज संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारे समर्पित कार्यकर्ता एवं प्रत्याशी जनसेवा के संकल्प को लेकर जनता के बीच पहुँचेंगे और क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे। जनसेवा का संकल्प, विकास का विश्वास यही भाजपा की पहचान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने और विकास के मुद्दों को प्राथमिकता देने का आव्हान किया।

रामगढ़ में विधिक सेवा कार्यालयों का निरीक्षण

अलवर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के सचिव मोहनलाल सोनी ने बुधवार को रामगढ़ तालुका विधिक सेवा समिति कार्यालय और न्यायालय परिसर में संचालित लीगल एड क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कार्यालयों के रिकॉर्ड, रजिस्टरों और कार्यप्रणाली की जांच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सोनी ने तालुका विधिक सेवा समिति कार्यालय में कर्मचारियों के उपस्थिति रजिस्टर सहित विभिन्न रजिस्टरों और पत्रावलियों का अवलोकन किया। इस दौरान एसीजेएम अरुण प्रकाश आर्य, न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्ष वर्धन, पीएलवी राजेंद्र सिंह और पूजा रानी उपस्थित मिले। इसके बाद उन्होंने रामगढ़ न्यायालय परिसर में संचालित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया।

अलवर में मिठाई की दुकानों और कारखानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिये

- **रामगढ़ में गोपी सरस घी और जेएमडी सरस घी ब्रांड की 350 लीटर मात्रा सीज की गई**
- **अलवर शहर में नमकीन एजेंसी, मिठाई की दुकानों और कारखानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए**

अलवर, (निसं)। दीपावली से पहले खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में जांच अभियान तेज कर दिया है। ''शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान'' के तहत अलवर शहर और रामगढ़ में विभिन्न खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। रामगढ़ में गोपी सरस घी और जेएमडी सरस घी ब्रांड की 350 लीटर मात्रा सीज की गई। वहीं, अलवर शहर में नमकीन एजेंसी, मिठाई की दुकानों और कारखानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त अविचल चतुर्वेदी और जिला कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में यह अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जयपुर रोड स्थित गुलशन कुमार-विकास कुमार नमकीन एजेंसी का निरीक्षण किया। यहां से नमकीन का एक नमूना लिया गया। साथ ही मिलावट की आशंका के चलते रितु ब्रांड नमकीन के 212 पाउच यानी 10 कट्टे जब्त किए गए। निरीक्षण के दौरान एजेंसी पर नमकीन और कुरकुरे के करीब 2,200 पैकेट अवधि समाप्त होने के बाद भी रखे मिले। विभाग के अनुसार, इन पैकेटों को मौके पर जलाकर नष्ट करवाया गया।

खाद्य सुरक्षा टीम ने घंटाघर स्थित रामबाबू मिष्ठान भंडार के मेहताब सिंह का नाला क्षेत्र में स्थित कारखाने से काजू कतली और कलाकंद के नमूने लिए। करवा चौथ के लिए करवे तैयार करने वाले स्कीम नंबर-10 स्थित राजू मिष्ठान भंडार से रंग की मिलावट की आशंका के चलते करवे का नमूना लिया गया। इसके अलावा कटी घाटी स्थित राधा रानी मिष्ठान भंडार से बेसन के लड्डू और मालवीय नगर स्थित सैनी मिष्ठान भंडार से बर्फ़ी का नमूना जांच के लिए लिया गया। वहीं रामगढ़ में खाद्य सुरक्षा टीम ने मिलावट की आशंका के आधार पर गोपी सरस घी और जेएमडी सरस घी ब्रांड की कुल 350 लीटर मात्रा सीज की। टीम ने दोनों ब्रांड के घी के नमूने भी प्रयोगशाला जांच के लिए लिए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार, सभी नमूनों की प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एनआईटी में इंटर्नशिप के अवसरों की जानकारी दी

अलवर। गौरी देवी राज महिला महाविद्यालय में बुधवार को रिसर्च डेवलपमेंट सेंटर के तत्वावधान में प्राइम इंटर्नशिप अपॉर्चुनिटीज फॉर स्टूडेंट्स इन वेरियस आईआईटीज एंड एनआईटीज विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें आईआईटी बॉम्बे के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अर्णव दत्ता ने छात्राओं को शोध और इंटर्नशिप के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी।

प्रोफेसर दत्ता ने शोध समस्या के चयन के विभिन्न चरणों को समझाते हुए शोध विषय और शोध अंतराल को ध्यान में रखकर शोध आलेख लिखने की प्रक्रिया बताई। उन्होंने सरल उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। साथ ही इंटर्नशिप कार्यक्रमों, उनकी पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और प्रतिष्ठित संस्थानों में उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

फुलेरा में पालिकाध्यक्ष व ईओ ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया

फुलेरा। कस्बे में विकास कार्यों को गति देने और सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से नगर पालिका प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। इसी कड़ी में पालिकाध्यक्ष राजू दाधीच एवं अधिशासी अधिकारी महिमा सोनी ने अन्नपूर्णा रसोई सहित विभिन्न विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष एवं ईओ ने अन्नपूर्णा रसोई में भोजन ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई व्यवस्था को परखा। इसके बाद उन्होंने वार्ड संख्या 14 में चल रहे नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। वहीं, पुराना फुलेरा स्थित ब्रिज पर चल रहे रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति भी देखी।

राजू दाधीच एवं अधिशासी अधिकारी महिमा सोनी ने अन्नपूर्णा रसोई सहित विभिन्न विकास कार्यों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

पालिकाध्यक्ष राजू दाधीच ने कहा कि फुलेरा का सर्वांगीण विकास करना उनका लक्ष्य है। कस्बे में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कस्बे की तस्वीर बदलने और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस दौरान पार्षद अब्दुल लतीफ कुरैशी, सुरेश मिश्रा, मुकेश गेनोलिया, प्रितेश वर्मा, गिरधारी लाल, दिलीप गुर्जर, पालिका जेईएन अजय कुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश कुमार सहित नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

भरतपुर में ट्रैफिक का बुरा हाल, 5 एंबुलेंस जाम में फंसी

भरतपुर (निसं)। भरतपुर में करवा चौथ पर्व की खरीदारी के चलते बाजारों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बिजली घर से चौबुर्जा तक सड़क पर भीषण जाम लग गया। दुकानों के सामने आड़े-तिरछे खड़े वाहन और ई-रिक्शा की भरमार से यातायात व्यवस्था चरमरा गई। हालात ऐसे बने कि एक घंटे जाम में पांच एंबुलेंस फंस गईं। इनमें एक एंबुलेंस में गर्भवती महिला को डिलीवरी के लिए जनाना अस्पताल ले जाया जा रहा था। एंबुलेंस चालक के अनुसार, सायरन बजाने के बावजूद रास्ता नहीं मिला और मरीज को अस्पताल पहुंचाने में देरी हुई। मौके पर ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई और खुद ही वाहनों को हटाकर रास्ता खुलवाने का प्रयास किया।

जाम का सबसे चिंताजनक पहलू यह रहा कि इसमें पांच एंबुलेंस फंस गईं। इनमें एक एंबुलेंस में गर्भवती महिला को प्रसव के लिए जनाना अस्पताल ले जाया जा रहा था। एंबुलेंस चालक ने बताया कि महिला को अस्पताल पहुंचाना जरूरी था, लेकिन जाम के कारण एंबुलेंस करीब 20 मिनट से रास्ते में फंसी हुई थी। सायरन बजाने के बावजूद आगे निकलने के लिए रास्ता नहीं मिल पा रहा था।वहीं, जाम में फंसी एक अन्य एंबुलेंस के मरीज के परिजन ने बताया कि वे उत्तर प्रदेश के हाथरस से आ रहे थे। मरीज की हालत काफी खराब थी और एंबुलेंस करीब 45 मिनट से एक घंटे तक जाम में फंसी रही। परिजन के अनुसार, मौके पर यातायात संभालने या जाम खुलवाने के लिए कोई जिम्मेदार कर्मचारी नजर नहीं आया।

करवा चौथ का व्रत आज

पावटा। पति-पत्नी के अटूट प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक करवा चौथ का पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर सुहागिन महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखेंगी। करवा चौथ के अवसर पर महिलाएं सुबह सूर्योदय से पहले सरगी ग्रहण कर व्रत की शुरुआत करेंगी। दिनभर निर्जला उपवास रखकर भगवान गणेश, मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाएगी। शाम को महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-संवरकर सोलह शृंगार करेंगी और सामूहिक रूप से करवा चौथ की कथा सुनेंगी। इसके बाद सभी को चांद निकलने का बेसब्री से इंतजार रहेगा। चंद्रमा के दर्शन होने पर महिलाएं छलनी से चांद और फिर अपने पति का चेहरा देखकर विधि-विधान से पूजा करेंगी। इसके बाद पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया जाएगा। बाजारों में भी करवा चौथ को लेकर रौनक देखने को मिल रही है। महिलाओं में पूजा सामग्री, करवा, छलनी, चूड़ियां, मेहंदी और शृंगार के सामान की खरीदारी को लेकर उत्साह बना हुआ है।

करवा चौथ भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के प्रेम, समर्पण और पारिवारिक रिश्तों की मजबूती का संदेश देने वाला पर्व है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना करती हैं और परिवार में सुख-शांति एवं खुशहाली की प्रार्थना करती हैं।

डांडिया कार्यक्रम आयोजित

टोंक। इनर व्हील क्लब द्वारा होटल राज मिडवे में एक भव्य एवं रंगारंग डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और डांडिया की धुनों पर खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम में मनोरंजक गेम्स एवं आकर्षक उपहारों की व्यवस्था की गई, जिसमें महिलाओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। पूरे आयोजन में उत्सव, मनोरंजन और आपसी सौहार्द का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति मयंक गोयल को सम्मानित किया गया। साथ ही समाज सेविका, सुमन राजेंद्र गोयल एवं पंडित राजकुमार शर्मा की धर्मपत्नी हर्षिता शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

कोटपूतली: द्वितीय चरण का मतदान शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न

पावटा में 61867 मतदाताओं ने मतदान किया

कोटपूतली-बहरोड़। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत द्वितीय चरण का मतदान बुधवार को जिले के चार पंचायत समिति क्षेत्रों में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न हुआ। द्वितीय चरण में पंचायत समिति कोटपुतली, पंचायत समिति पावटा, पंचायत समिति नारायणपुर एवं पंचायत समिति बानसूर के पंचायत समिति सदस्य के 80 वार्डों एवं जिला परिषद सदस्य के 16 वार्डो में मतदान कराया गया। इन पंचायत समिति क्षेत्रों में कुल 395206 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 278618 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार जिले में द्वितीय चरण का अंतिम मतदान प्रतिशत 70.50 प्रतिशत रहा।

पंचायत समितिवार मतदान की बात करें तो पंचायत समिति कोटपुतली में कुल 80332 मतदाताओं में से 58059 मतदाताओं ने मतदान किया और अंतिम मतदान प्रतिशत 72.27 प्रतिशत रहा। पंचायत समिति पावटा में कुल 88538 मतदाताओं में से 61867 मतदाताओं ने मतदान किया तथा अंतिम मतदान प्रतिशत 69.88 प्रतिशत दर्ज किया गया। पंचायत समिति नारायणपुर में कुल 80197 मतदाताओं में से 53706 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और मतदान प्रतिशत 66.96 प्रतिशत रहा। वहीं पंचायत समिति बानसूर में कुल 146139 मतदाताओं में से 104986 मतदाताओं ने मतदान किया तथा यहां 71.84 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

द्वितीय चरण का मतदान बुधवार को कोटपूतली जिले के चार पंचायत समिति क्षेत्रों में मतदान हुआ।

मतदान के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अपर्णा गुप्ता तथा जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया, मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा मतदान दलों की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

सार-समाचार

पीएम श्री स्कूल के दल ने निवाई केंद्रीय विद्यालय का विजिट किया

निवाई। केंद्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत संचालित ट्विनिंग ऑफ स्कूल एवं स्कूल साझेदारी अभियान के तहत पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई के 41 सदस्यीय दल ने प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर के नेतृत्व में जयपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय बजाज नगर एवं केंद्रीय विद्यालय प्रताप नगर का शैक्षिणक भ्रमण किया। विजिट का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के मध्य उत्कृष्ट शैक्षिणक पद्धितयों, नवाचारों, शिक्षण-अधिगम सामग्री एवं सह-शैक्षिणक गतिविधियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। दल में शामिल शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने दोनों केंद्रीय विद्यालयों की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से अध्ययन किया। दल ने प्रात:कालीन प्रार्थना सभा में भाग लिया एवं केंद्रीय विद्यालय की अनुशासित दिनचर्या, योग, विचार-प्रस्तुति व समाचार वाचन की गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान भौतिकी, रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान की आधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन कर प्रयोगात्मक व वैज्ञानिक शिक्षण की कार्यप्रणाली को समझा। डिजिटल एवं ई-रिसोर्स से लैस पुस्तकालय का दौरा कर स्वाध्याय संस्कृति व पठन-पाठन नवाचारों की जानकारी ली। कंप्यूटर लैब में आईसीटी आधारित शिक्षण, कोडिंग व आधुनिक डिजिटल उपकरणों के उपयोग का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। कला शिक्षा, खेलकूद, संगीत व व्यावसायिक कौशलों से जुड़ी गतिविधियों को समझा। दल ने केंद्रीय विद्यालय के संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित कर अपने विचार व अनुभव भी साझा किए। इसी प्रकार जवाहर कला केंद्र की प्रदर्शनी एवं लोकरंग की प्रस्तुतियां देख कर खुशी जाहिर की।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने किया मतदान

चौमूं / कालाडेरा । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने आज पंचायत चुनाव-2026 के द्वितीय चरण के मतदान के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पूर्व विधायक शर्मा ने पंचायत समिति जालसू के अंतर्गत पंचायत समिति सदस्य वार्ड नंबर 13 के बूथ संख्या 7, ग्राम बिहारीपुरा पर पहुंचकर मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के मतदाताओं और आमजन से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक नागरिक को अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए और अधिक से अधिक संख्या में मतदान करना चाहिए। शर्मा ने विश्वास जताते हुए कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सुशासन और विकास के जो कार्य किए हैं, उनके दम पर जिस प्रकार नगर निकाय चुनावों में बेहतरीन परिणाम और शानदार जीत हासिल हुई है, उसी प्रकार पंचायत चुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत दर्ज करेगी।

बहरोड़ में 440 लीटर कॉन्टिनेंटल सॉस जब्त

कोटपूतली-बहरोड़। त्योहारी सीजन के मद्देनजर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बहरोड़ में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। इस दौरान श्याम प्रोविजन स्टोर से 440 लीटर कॉन्टिनेंटल सॉस जब्त किया गया तथा विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग के आयुक्त श्री अविचल चतुर्वेदी, जिला कलेक्टर श्रीमती अपर्णा गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री सोहन सिंह नरूका एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशानुसार की गई कार्रवाई के दौरान श्याम प्रोविजन स्टोर से कॉन्टिनेंटल सॉस के दो नमूने लिए गए। सॉस के प्रथम दृष्टया निरीक्षण में सिंथेटिक खाद्य रंग एवं घटिया गुणवत्ता की सामग्री के उपयोग की आशंका सामने आने पर 440 लीटर सॉस जब्त किया गया।

विक्रेता के अनुसार, उक्त सॉस पलवल से लगभग 20 रुपये प्रति लीटर की दर से खरीदा गया था तथा इसे फास्ट फूड विक्रेताओं और ठेला संचालकों को बेचा जाता है। संबंधित सॉस का उपयोग विभिन्न खाद्य पदार्थ तैयार करने में किया जाता है। खाद्य सामग्री में अनधिकृत रंग अथवा असुरक्षित सामग्री का उपयोग उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

कार्रवाई के दौरान मित्तल किराना स्टोर से मूंगफली के तेल एवं नमक के नमूने भी लिए गए। कॉन्टिनेंटल सॉस सहित सभी खाद्य नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला, जयपुर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारियों श्री शशिकांत शर्मा एवं श्रीमती नेहा शर्मा द्वारा की गई। विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने और संदिग्ध खाद्य सामग्री के नमूने लेने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे अभिभाष्यगण कैलाशचन्द भाला पुत्र स्व. रामेश्वर लाल, राजकिशोर, विनोद, विष्णु, अरूण, अशोक पुत्रान स्व. राधेश्याम, गोपाल, (वीना भाला-पुत्रवधू) पुत्र स्व. हीरालाल, रतन, पवन पुत्रान स्व. ताराचन्द निवासीगण ग्राम गोविन्दगढ़, तहसील चौमू, जिला जयपुर हाल निवासी मुरलीपुरा, जयपुर के पूर्वज स्व. रामेश्वर लाल भाला की अचल सम्पत्तियाँ भाला भवन कुल क्षेत्रफल 240 वर्गगज, पुश्तैनी आबादी भूमि बाड़ा 442 वर्गगज, पट्टेशुदा जमीन 93 वर्गगज तथा निर्मित भवन (महल) गोविन्दगढ़ की मुख्य आबादी में स्थित है। उपरोक्त पुश्तैनी सम्पत्तियाँ मेरे अभिभाष्यगण व अन्य वारिसों की अविभाजित पुश्तैनी सम्पत्तियाँ है जिस पर सभी वारिसों का हक व अधिकार निहित है। जिनका आज दिनांक तक मेरे अभिभाष्यगण व अन्य वारिसों में विभाजन नही हुआ है। मेरे अभिभाष्यगण के अन्य भाई-बंध उक्त पुश्तैनी अविभाजित सम्पत्तियों को बेचान करने पर आमदा है। जिस कारण कोई भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि इन सम्पत्तियों के सम्बंध में बिना विभाजन व सहमति के अन्य वारिसों से किसी प्रकार का संव्यवहार नहीं करें। यदि ऐसा किया जाता है तो मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नही होगी, सूचित रहे। भवदीय - किशन लाल जांगिड़, एडवोकेट, मो. 9829326324

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली निविदा

ई-टेण्डर नोटिस सं. एस एण्ड टी प्रोजेक्ट-जेपी-2025-26-08 आर 1 दिनांक 22.10.2026

उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर /परियोजना /जयपुर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से खुली निविदा सं. एस एण्ड टी – प्रोजेक्ट–जेपी 2025–26 –08 आर 1 जिसकी बंद होने की तिथि 13.11.2026 समय 15.00 बजे तक का ऑन लाईन ई–टेण्डर आंमत्रित किया जाता है। कोई भी मैनयुअल टेण्डर संबंध में स्वीकार नहीं किया जावेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है उसको देखा नहीं जावेगा। **कार्य का नाम एवं लोकेशन :** उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के हिसार स्टेशन पर वितरित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की व्यवस्था का प्रावधान। **अनुमानित लागत :** रूपये 244831790.75/– **धरोहर राशि :** रूपये 4896600.00/– **टेण्डर जमा करने की अंतिम तारीख :** 13.11.2026 सांय: 15.00 बजे। **वेब साईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन :** www.ireps.gov.in or उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/परियोजना/जयपुर ऑफिस **1540-DI/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 29/2026
उत्तरा.
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम सुरेन्द्र प्रसाद माथुर पुत्र श्री स्व. शिवनन्दन माथुर
विवाद स्थान 25 शांति विहार कॉलोनी नागरिक, नगर कल्याण नगर मोरानी मोटर्स के पीछे, टोंक रोड, जयपुर
मृतक रंजना माथुर की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 03.11.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम रंजना माथुर जाति..... निवासी 002, यूनिक सफायर नियर केसर चौराहा मानसरोवर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 03 माह 11 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 17 माह 10 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

आज्ञा से-शेरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
संख्या 10, जयपुर महानगर प्रथम
मुख्यालय सांगानेर

भारतीय पशु चिकित्सा परिषद

(भारत सरकार, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय का वैधानिक निकाय)
ए विंग, दूसरी मंजिल, अगस्त क्रांति भवन, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली 110066
(दूरभाषः 011-26184149, ई-मेलः vciinfo@nic.in)

सार्वजनिक सूचना

भारतीय पशु चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली, भारत सरकार के मत्स्य पालन पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के पशुपालन और डेयरी विभाग के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय है। इसकी स्थापना भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 1984 के प्रावधानों के तहत की गई है. जिसका उद्देश्य बी.वी.एससी. एवं ए.एच. स्नातक पाठ्यक्रम की पशु चिकित्सा शिक्षा को विनियमित करना है।

इसलिए, सभी छात्रों, अभिभावकों, हितधारकों एवं आमजन को सलाह दी जाती है कि वे बी.वी.एससी. एवं ए.एच. स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने से पहले, भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 1984 और इसके तहत बनाए गए नियमों व विनियमों के अनुसार, संबंधित पशुचिकित्सा महाविद्यालय/संस्थान की प्रमाणिकता और उसकी मान्यता (या अनंतिम मान्यता) की जांच अवश्य कर लें।

प्रवेश शुल्क जमा करने या मूल दस्तावेज सौंपने से पहले, आवेदकों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए किः -

(i) महाविद्यालय कानूनी रूप से स्थापित है और उसे बी.वी.एससी. एवं ए.एच. स्नातक पाठ्यक्रम कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा मान्यता (या अनंतिम मान्यता) प्राप्त है।
(ii) महाविद्यालय के पास संबंधित शैक्षिणक सत्र के लिए पाठ्यक्रम चलाने की वैध मंजूरी और प्राधिकृत है।
(iii) महाविद्यालय/संस्थान द्वारा दी गई जानकारी जिसमें उसका पता, वेबसाइट, बी.वी.एससी. एवं ए.एच. पाठ्यक्रम में प्रवेश के मानदंड और प्रवेश प्रक्रिया शामिल है पूरी तरह से सही और सत्यापित करने योग्य है।

छात्रों, अभिभावकों, हितधारकों एवं आमजन को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित जानकारी की पुष्टि वीसीआई की आधिकारिक वेबसाइटों www.vci.dahd.gov.in और www.vci.admissions.nic.in से करें।

(डॉ. राजेद्र बाम्बल)
सचिव, वीसीआई (अतिरिक्त प्रभार)

CBC 01101/11/0009/2627